Vision Australia


# स्कूल पर अपने सामान को सुरक्षित रखें

स्कूल एक व्यस्त स्थान होता है, और हर किसी के लिए ध्यान रखने की बहुत-सी बातें होती हैं। लक्ष्य? यह जानना अधिक आसान बनाना कि आपकी चीज़ें कहाँ हैं, ताकि आप दिन-भर शांत और आश्वसत महसूस कर सकें।



## व्यवस्थित रहने के सामान्य तरीके

- हर दिन अपनी चीज़ों को एक ही जगह पर रखें
- चीज़ों का प्रयोग करने के बाद उन्हें वापस अपनी जगह पर रख दें
- स्कूल की चीज़ों के लिए एक ही बैग या कंटेनर का प्रयोग करें
- किसी नए कमरे में जाने से पहले यह जांच लें कि आपके पास सारी चीज़ें हैं।



## अपनी दृष्टि के अनुसार चीज़ों को आसान बनाएँ

- अपनी चीज़ों की अलग-अलग पहचान करने के लिए लेबल, बनावटें या विभिन्न रंगों इस्तेमाल करें।
- महत्वपूर्ण चीज़ें (जैसे आपकी छड़ी या सहायक तकनीक) हमेशा एक ही सुरक्षित जगह पर रखें, जैसे अपने स्कूल बैग में या टीचर के ऑफ़िस में।
- एक संगत चर्या का प्रयोग करें, ताकि आपको हमेशा यह पता हो सबसे पहले कहाँ देखना है
- अपने लिए कारगर व्यवस्थाएँ बनाने में मदद माँगें।



## स्कूली दिन के दौरान

- दिन के दौरान अपनी चीज़ों की जल्दी से जाँच करें (लंच के बाद, क्लास के बाद, घर जाने से ठीक पहले)
- पैक अप करने में अपना समय लें
- यदि आपको कोई चीज़ न मिल रही हो, तो टीचर या किसी दोस्त से सहायता मांगें
- याद रखें कि अगर बातें गड़बड़ा जाएँ, तो एक पल रुककर गहरी सांस लेना और फिर से शुरू करना भी ठीक है।

## एक काम, जो आपको करना है

एक महत्वपूर्ण चीज़ चुनें और इसे एक विशेष स्थान दें।

## आप यह कर सकते/ती हैं

यदि शुरू में बातें कठिन लगें, तो कोई बात नहीं। जब आपको ज़रूरत हो तो सहायता की मांग करें, अपना समय लें और याद रखें कि नए काम सीखने में अभ्यास की ज़रूरत होती है। हर किसी से कभी-कभी कोई न कोई चीज़ खो जाती है, यदि आपसे भी ऐसा होता है तो चिंता न करें।

